तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

14 नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर जल्द शुरू होंगे बस स्टैंड ...



13 जनदर्शन में संवेदनशीलता और समाधान, बुजुर्ग को ...





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

# अंतागढ़-रायपुर ट्रेन में अब होंगी 12 बोगियां, यात्रियों को मिलेगी राहत

## सांसद भोजराज नाग और भाजपा जिलाध्यक्ष के प्रयासों का मिला परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

रेल्वे द्वारा अंतागढ़ से रायपुर चलने वाली ट्रेन में बोगियों की संख्या बढ़ाई गई है। जिससे अब जिले मे ट्रेन के माध्यम से सफर करने वाले आम जनता को दिक्कतो का सामना नही करना पड़ेगा और ट्रेन मे धक्का मुक्की जैसी स्थिति से राहत मिलेगी। सांसद भोजराज नाग एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा किए गए प्रयासों का प्रतिफल आमजनता को मिलेगा। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य के संयुक्त प्रयासों से अंतागढ़ से रायपुर के बीच चलने वाली ट्रेन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोगियों की संख्या 8 से बढ़ाकर 12 करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। 23 अगस्त 2024 को सांसद भोजराज नाग ने व 27 फरवरी 2025 को जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने संयुक्त रूप से अपने लेटरपैड के माध्यम से रायपुर मंडल के एस आर डीसीएम कार्यालय को पत्र लिखकर बालोद एवं कांकेर जिले के अंतर्गत भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन की समस्याओं और यात्रियों की कठिनाइयों से अवगत कराया था।

### आमजनों को मिलेगा लाभ

इस निर्णय से बालोद, दल्ली राजहरा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, कांकेर सहित चार जिलों के यात्रियों को लाभ मिलेगा। आम जनता, व्यापारियों और दैनिक यात्रियों ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद भोजराज नाग एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रति आभार प्रकट किया है। यह कदम आम जनता की सुविधा और रेल सेवाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



- 31 जुलाई तक मिल सकती है अंतिम मंजूरी, चार जिलों के यात्रियों को होगा लाभ



**31 तक अंतिम मंजूरी मिलने की है संभावना** : इस पत्र के जवाब में रायपुर मंडल के डीआरएम एवं बिलासपुर जोन के जीएम ने त्वरित संज्ञान लेते हुए 12 बोगियों वाली ट्रेन संचालन की मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार की सहमति के पश्चात इस प्रस्ताव को रेल मंत्रलय को भेजा गया है, और 31 जुलाई 2025 तक अंतिम मंजूरी मिलने की संभावना है।

### बिना प्लेटफॉर्म के चढ़ने-उतरने की समस्या

पत्र में उल्लेख किया गया था कि स्टेशन पर सिर्फ एक ही प्लेटफार्म है, जबकि ट्रेन दूसरी पटरी पर रुकती है, जिससे यात्रियों को बिना प्लेटफार्म के चढ़ने–उतरने में जोखिम उठाना पड़ता है। साथ ही, स्टेशन में महिलाओं के लिए पृथक कक्षों की अनुपलब्धता, वेटिंग एरिया की कमी एवं जनसुविधाओं की जरूरत पर भी बल दिया गया। सबसे बड़ी मांग अंतागढ़ से रायपुर चलने वाली ट्रेन में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए बोगियों की संख्या बढ़ाने की थी, क्योंकि यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ रही थी।

**रेल सेवा का विस्तार और भविष्य की योजना:** गौरतलब है कि 2017–18 से 2022–23 तक 6 जिलों में 59 किलोमीटर रेलवे लाइन का विस्तार किया गया है। पहले ट्रेन दल्ली राजहरा से रायपुर तक चलती थी, लेकिन अब यह सेवा अंतागढ़ तक विस्तारित हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### दो कर्मियों का हुआ स्थानांतरण, दी गई विदाई



**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में राजस्व शाखा में पदस्थ सहायक ग्रेड 02 लोकेश देवांगन एवं कलेक्टर रीडर क्रमांक 02 नेहा गोनार्डे के जिले से अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित होने पर संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में राजस्व विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि सहायक ग्रेड 02 लोकेश देवांगन का राजस्व मंडल बिलासपुर एवं कलेक्टर रीडर क्रमांक 02 नेहा गोनार्डे का जिला कार्यालय राजनांदगांव में स्थानांतरण हुआ है। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, कार्यालय अधीक्षक अश्वनी नायक, सहायक अधीक्षक महेश पिस्दा, कलेक्टर रीडर दीपक रामटेके सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों ने इन दोनों कर्मचारियों के कार्यों एवं व्यवहार की सराहना की।

### सांसद नाग की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आज

**बालोद।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 16 जुलाई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### राशि दोगुना करने के नाम पर ठगी, गिरोह पकड़ाया

**भिलाई।** शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर राशि दोगुना करने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में पुलिस ने दुर्ग पोटिया के राजा नटवरलाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 2 वर्ष में रकम को दोगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य ने करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की। इस मामले में कसडोल पुलिस ने 4 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। आरोपियों ने कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के लोगों को शिकार बनाया। पुलिस ने सबसे पहले आरोपी राजा नटवरलाल उर्फ दिवाकर अवसरिया को हिरासत में लिया। दिवाकर ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू सहित अन्य के साथ मिलकर धोखाधड़ी की साजिश रचने की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी से 4 मोबाइल एवं नगदी 9 लाख 71 हजार जब्त किया।

### अस्थायी भवन में चल रही आंगनबाड़ी क्रमांक 3, शौचालय और सुरक्षा का अभाव

# कुसुमकसा के बच्चों से भेदभाव, 8 साल से अधर में लटका आंगनबाड़ी भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा (डोंडी)

डोंडी विकासखंड के बड़े ग्राम पंचायतों में शुमार कुसुमकसा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 के बच्चे बीते आठ वर्षों से सुविधाओं से वंचित हैं। वर्ष 2018 से यह केंद्र अटल समरसता भवन के एक कमरे में अस्थायी रूप से संचालित हो रहा है। भवन में शौचालय नहीं है, कमरे की जगह सीमित है, और सुरक्षा की दृष्टि से भी गंभीर जोखिम बने हुए हैं।

उक्त केंद्र के मात्र 20 फीट की दूरी पर एक और आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 9 सर्वसुविधायुक्त भवन में संचालित है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष है। उन्हें लगता है कि बच्चों के बीच ही भेदभाव किया जा रहा है। आंगनबाड़ी में 16 बच्चे नियमित रूप से आते हैं, साथ ही गर्भवती महिलाएं और कुपोषित बच्चे भी यहाँ सेवाएं लेने आते हैं। बरसात के दिनों में खुले में प्रसाधन के लिए बच्चों को बाहर जाना पड़ता है, जिससे भीगने और तालाब में गिरने का खतरा बना रहता है। भवन में बाउंड्रीवाल नहीं है और पीछे ही छुईया तालाब स्थित है, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। 2018 में कांग्रेस सरकार बनने और स्थानीय विधायक के महिला बाल विकास मंत्री बनने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही नया भवन बनेगा। वर्ष 2023 में अंततः मनरेगा के तहत 8.15 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ नया भवन स्वीकृत हुआ, लेकिन आज तक उसका निर्माण कार्य अधूरा है।





**पुर्व जपं सदस्य ने लगाए गंभीर आरोप** : पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत डोंडी और महिला बाल विकास विभाग द्वारा निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा नहीं की गई, जिसके कारण यह स्थिति बनी। उन्होंने शासन से मांग की है कि भवन का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि बच्चों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितता

आंगनबाड़ी भवन निर्माण में कई अनियमितताओं की शिकायत ग्रामीणों ने की है। निर्माण के दौरान कालम और बीम गलत ढंग से डाले जा रहे थे, जिन्हें ग्रामीणों के दबाव में तुड़वाकर दोबारा बनवाया गया। सूचना पटल पर कार्य का क्षेत्रफल, आकार, लंबाई-चौड़ाई तक का विवरण नहीं है। निर्माण की धीमी गति और ठेकेदार की मनमानी से लोग नाराज हैं। **सुविधाओं से वंचित मासूम नौनिहाल:** अस्थायी भवन में न बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है, न खेलने की। एक ही कमरे में पढ़ाई, नाश्ता और भोजन का काम चलता है। भोजन के बाद बच्चों को बाहर निकालकर कमरे की सफाई करनी पड़ती है। शौचालय की सुविधा न होने से बच्चियों और महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा, पुलिस ने वसूला 12 लाख से अधिक का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस के द्वारा लगातार जागरूक अभियान चलाकर लोगों को वाहन चालन के प्रति जागरूक करने के बाद भी वाहन चालको द्वारा बरती जा रही लापरवाही को देखते हुए बालोद पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के खिलाफ कार्यवाही की है।

जिसके तहत बालोद पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में अभी तक 120 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जहां न्यायालय द्वारा 12 लाख 18 हजार 700 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। विगत वर्ष की तुलना में 06 माह में ही दोगुने से अधिक शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों का लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जा रही है। यातायात पुलिस बालोद द्वारा शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने वाहन चालकों से लगातार अपील भी की जा रही है। थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम जनों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर यह कार्रवाई जारी है। दर्ज आंकड़ों के अनुसार जनवरी से जून तक 120 शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले शराबी नाहन चालकों पर कार्यवाही कर प्रकरण न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। वर्ष 2024 की तुलना में इस वर्ष 06 ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खरीफ सीजन में बालोद जिले ने बोनी के 87% लक्ष्य को किया पूरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उप संचालक कृषि ने बताया कि 14 जुलाई 2025 की स्थिति में 380.40 मि.मि. वर्षा हुई है। जो गतवर्ष की तुलना में 393.60 मि.मि. से 97 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2025 में 1,80,215 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके विरुद्ध अब तक 1,57,126 हेक्टेयर में बोनी की जा चुकी है। धान बोता 1,39,714 हेक्टेयर, रोपा 16,469 हेक्टेयर, कुल धान 1,56,183 हेक्टेयर मक्का 30 हेक्टेयर, कोदो 49 हेक्टेयर, अरहर 85 हेक्टेयर, उड़द 59 हेक्टेयर, मूंग 11 हेक्टेयर, तिल 36 हेक्टेयर तथा सब्जी 671 हेक्टेयर, कुल 1,57,126 हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है, जो लक्ष्य से 87 प्रतिशत है। जुलाई माह में अच्छी बारिश होने से खरीफ फसलों की स्थिति अच्छी पायी गई है। धान रोपाई एवं दलहन, तिलहन फसलों की बुआई कार्य की जा रही है। जिले में खरीफ बीज वितरण हेतु कुल 56929 क्विंटल लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध धान 59,584 क्विंटल भण्डारण किया गया है अब तक धान बीज का 50346 क्विंटल वितरण किया गया है।

- जुलाई की अच्छी वर्षा से फसलों की स्थिति संतोषजनक, धान में सर्वाधिक रकबा

इसके अतिरिक्त जिले में कोदो फसल 60.16 क्विंटल, अरहर 123.44 क्विंटल, उड़द 10.16 क्विंटल, मूंग 04 क्विंटल, दलहन बीज कुल 53132 क्विंटल बीज वितरण किया गया है, जो लक्ष्य 56,929 क्विंटल का 93 प्रतिशत है। खरीफ मौसम में किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण, बीज एवं उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। nbsp; जिले के सहकारी समितियों में यूरिया 13750 मे. टन, डी.ए.पी. 3894 मे.टन, एम.ओ.पी. 4182 मे.टन, एस.एस.पी. 7870 मे.टन एवं एन.पी.के ▶▶| शेष पेज 13 पर

## ट्रेन से गिरा आईटीबीपी का जवान, इलाज के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



दिल्ली से ट्रेनिंग पूरी कर पंजाब के जालंधर स्थित अपने यूनिट लौट रहे भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। दो दिन बाद सोमवार को जवान का पार्थिव शव ब्लॉक के ग्राम डारागांव पहुंचा, जहां अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों के अनुसार पूरी घटना शुक्रवार की है। जवान तुलेश उर्वशा (32) ट्रेन से जालंधर लौट रहे थे। इसी दौरान उतरते समय उनका बैग ट्रेन में फंस गया और संतुलन बिगड़ने से वो नीचे गिर गए। हादसे के तुरंत बाद उनके साथियों ने उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई थी। लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई, तबीयत में सुधार नहीं आया और मौत हो गई।

### 2014 में हुई थी ज्वॉइनिंग, 8 माह की बेटी को छोड़ गया जवान

आईटीबीपी जवान तुलेश उर्वशा ने साल 2014 में बल को जॉइन किया था। करीब दो साल पहले उनका विवाह हुआ था। उनकी 8 महीने की एक बेटी भी है। घर में जवान अकेला बेटा था। तुलेश का शव घर पहुंचते ही माता-पिता और पत्नी बदहवास हो उठे। पूरे गांव ने नम आंखों के साथ जवान का अंतिम दर्शन किया। **अंतिम विदाई में शामिल हुए आईटीबीपी के अफसर:** सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे आईटीबीपी जवान का पार्थिव शरीर रायपुर से डारागांव लाया गया। रायपुर में श्रद्धांजलि के बाद आईटीबीपी के वाहन से अधिकारी और जवान पार्थिव शरीर लेकर पहुंचे। गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। गार्ड ऑफ ऑनर और सलामी के बाद जवान का अंतिम संस्कार किया गया।

### व्याख्याता ने छात्राओं से की संवेदनशील विषयों पर बातचीत

# छात्राओं को गुड टच-बैड टच पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शा उ मा विद्यालय की व्याख्याता सुश्री ऐनुका शार्वा ने सरस्वती शिशु मंदिर डौंडी लोहारा की छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी।वर्तमान समय में बच्चों के साथ हो रही विभिन्न प्रकार की अप्रिय घटनाओं को देखते हुए शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य डोमार साहू जी के आग्रह पर व्याख्याता एनुका शार्वा ने किशोरी बालिका विद्यार्थियों को बहुत ही संवेदनशील मुद्दे को गुड टच और बेड टच के अतिरिक्त मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियां और शारीरिक समस्या को लेकर जानकारी प्रदान की।

उन्होंने कक्षा छठवीं से दसवीं तक की किशोरी छात्राओं को विस्तार पूर्वक मासिक धर्म के समय किस तरह से रहना चाहिए, खानपान क्या होना चाहिए और अपने स्वास्थ्य और मन का इस तरह ध्यान रखना चाहिए विस्तार पूर्वक बताया। और यह एक प्राकृतिक घटना है जिसे लेकर बच्चे बहुत संकुचित रहते हैं इस बात के लिए भी सहज रहने की अपील की। इसके पश्चात मुख्य विषय गुड टच और बेड टच को लेकर सुश्री सार्वा ने वर्तमान समय में बच्चों और किशोरी बालिकाओं के साथ घटित हो रहे, कई अप्रिय घटनाओं का उदाहरण देते हुए, बच्चों को अपने आसपास के परिवेश में कोई गलत घटना हो या फोन पर भी कोई आपत्तिजनक दुर्घटना होने पर सर्वप्रथम अपने परिजन तथा गुरुजन को इससे अवगत करवाना चाहिए कहा और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ न जाने की अपील की इसके अतिरिक्त छात्राओं को बताया गया, कि किसी भी स्थान पर अपने परिवार या मित्रों के साथ ही जाए अकेले नहीं जाना चाहिए।



### दुर्व्यवहार का करना चाहिए विरोध


सुश्री सार्वा ने बच्चों को सरलता पूर्वक समझने के लिए बताया कि किशोरी बालिकाओं को खेल के माध्यम से किस प्रकार दुर्व्यवहार का विरोध करना चाहिए और वहां से भाग जाना चाहिए । कार्यशाला में आचार्या प्रतिभा सुकतेल और मंजुलता श्रीवास का विशेष सहयोग रहा। सभी बालिकाओं ने सुश्री सार्वा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से लाइन, कांवड़ लेकर दर्शन को पहुंच रहे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदू पंचांग का पांचवां महीना सावन भगवान भोले को अत्यधिक प्रिय है। 11 जुलाई से सावन माह की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को श्रावण माह का पहला सोमवार रहा। जिले में मुख्य आकर्षण शिव मंदिर देवबलोदा में देखने को मिला, जहां सुबह 4 बजे से भक्त भगवान शिव के दर्शन को पहुंचने लगे। मंदिर में जलाभिषेक और विधि-विधान से पूजा के लिए भक्त कतारों में घंटों खड़े रहे। पंडितों ने बताया कि इस बार 4 सोमवार पड़ रहे हैं। 11 जुलाई को सावन माह की शुरुआत हुई। 14, 21, 24 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार पड़ रहे हैं। 9 अगस्त रक्षबंधन के दिन पूर्णिमा के रोज सावन मास का समापन होगा। सोमवार व्रत के दिन भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा विशेष विधि-विधान से की जाती है। इसलिए देवबलोदा में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। खारून नदी से जल लाकर भक्तों ने जल चढ़ाया। कांवड़ यात्रा निकालकर भक्त पूरे दिन मंदिर परिसर में पहुंचते रहे। जल के साथ पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, मंदार पुष्प गाय का कच्चा दूध, विजया पत्र, मधु, गुड़, इत्र, पंचामृत आदि एवं माता पार्वती की श्रृंगार सामग्री चढ़ाई गई। शिव चालीसा ओम नमः शिवाय का जप एवं महामृत्युंजय के मन्त्र का जप करते भक्त नजर आए।

## देवबलौदा में विधि विधान से हो रही पूजा



### भक्तों का लगता है रेला

मंदिर के सामने नंदी मंडप और इसमें विराजित नंदी भी देखने लायक है। मंडप में बनी कई प्राचीन मूर्तियां बनी हुई है। मंदिर का दूसरा द्वार जो कुंड की ओर खुलता है, उसके प्राचीन पिलर हैं। पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी ने बताया कि सोमवार को सुबह से ही भक्तों का रेला लगा रहा। यहां कोई पुजारी नहीं है, लेकिन मंदिर रोजाना सुबह 6 से शाम 6 बजे तक खुले रहता है। हर सोमवार मंदिर परिसर में खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया है। वहीं अंतिम सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम और जस गायन का आयोजन किया जाएगा।



### 12वीं-13वीं शताब्दी पुराना है कल्चुरी कालीन शिव मंदिर

पुरातत्व विभाग और स्थानीय लोगों की मानें तो यह मंदिर 12-13वीं शताब्दी पुराना कल्चुरी कालीन पुराने शिव मंदिर है। पिछले दिनों बीएसपी ने इसे गोद लेकर इसके सौंदर्यीकरण का निर्णय भी लिया है। इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और बीएसपी के बीच अनुबंध हुआ है। सीएसआर मद से यह राशि खर्च की जानी है। मंदिर में मुख्यद्वार, नंदी मंडप, मंदिर का मंडप, गर्भगृह और यहां बनी प्राचीन कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र है।गर्भ गृह के मुख्यद्वार पर लगे भगवान गणेश और स्वामी कार्तिकेय की प्राचीन मूर्तियां टूट गई हैं।

## खबर संक्षेप




### महाविहार मुक्ति आंदोलन का बसपा ने किया समर्थन

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओ ने आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम एवं समस्त बौद्ध संगठनों के तत्वधान में महाबोधी महाविहार बौद्ध गया में बीटी एक्ट 1949 को निरस्त करने तथा बौद्ध गया को गैर बोद्धों के कब्जे से मुक्त कराने दुर्ग जिले में लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। बसपा ने धरना स्थल पर जाकर प्रदर्शनकारियों व बौद्ध भिक्षुओं से मिलकर उनकी मांगों का पूर्ण समर्थन कर इनकी मांगों को राज्यसभा में उठाने का वादा किया इस मौके पर शहर विधानसभा इकाई अध्यक्ष सचिन गवई, बंटी चौरे, देवा आनंद कुंभकार, मुकेश महिलागे, राधेश्याम प्रसाद, भारत जोशी, चैन सिंह धृतलहरे, एलडी मासुलकर, जितेंद्र रंगारी, महेंद्र चौहान, रमेश कुर्रे, प्रखर, मदन व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## सरकारी फरमान बेअसर : व्यवहार ठीक नहीं होने को बताया कारण

# विधायक की अनुशंसा पर तबादला अधिकारी जिला छोड़ने तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**एक सप्ताह के अंदर नई पदस्थापना वाली जगह में लेनी है ज्वाइनिंग**

गृह मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 30 जून 2025 को लोक अभियोजन विभाग के 29 अधिकारियों का तबादला अलग अलग जिलों में किया गया था। इस आदेश में दुर्ग के लोग अभियोजन विभाग में पदस्थ उप निदेशक अनुरेखा सिंह चंदेल का नाम भी शामिल था। उन्हें दुर्ग से बालोद का उप निदेशक बनाया गया। बता दें कि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने खुद गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर अनुरेखा चंदेल का तबादला दूसरे जिले में करने की अनुशंसा की थी। विधायक ने पत्र में आरोप लगाया था कि उप निदेशक अनुरेखा चंदेल का व्यवहार स्थानीय जन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के प्रति ठीक नहीं है। उनका सभी से अनावश्यक वाद विवाद होता रहता है, इसलिए इनका ताबादला दूसरी जगह किया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि इनकी कार्यशैली शासन की योजना के अनुरूप नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि विधायक की अनुशंसा के बाद अनुरेखा सिंह चंदेल का तबादला बालोद जिला हुआ है। 30 जून को तबादला आदेश जारी होने के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अनुरेखा दुर्ग से रिलीव नहीं हुई हैं।




### पुलिस महानिदेशक के आदेश पर हैं जिले में

इस बारे में जब उप निदेशक अनुरेखा सिंह चंदेल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी जगह ज्वाइन करने के लिए अभी तक कोई अधिकारी नहीं आया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़ शासन को इस संबंध में अवगत कराया है। जब उनका आदेश होगा तो वो बालोद ज्वाइन कर लेंगी। डीडीओ पावर होने के चलते वो बिना अधिकारी के आदेश रिलीव नहीं हो सकती हैं।

### अपने अधीनस्थ अधिकारी को नियम के तहत कर दिया रिलीव

तबादला होने के बाद भी अनुरेखा सिंह के रिलीव ना होने के बाद अब कार्यालय में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एक अधिकारी ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि गृह मंत्रालय से ही यहां पदस्थ सहायक जिला अभियोजन अधिकारी पाटन राघवेंद्र पाण्डेय का तबादला दूसरी जगह हुआ था। वो मेडिकल लीव पर थे, लेकिन उप निदेशक अनुरेखा चंदेल ने शासन को पत्र लिखा कि शासन की स्थानांतरण नीति 2025 की कंडिका 1.12 के तहत राघवेंद्र पाण्डेय को एक सप्ताह के अंदर आदेशित स्थान बालोद में ज्वाइन करना है। वो मेडिकल लीव पर हैं, इसे देखते हुए उन्हें एकपक्षीय कार्यमुक्त करके बालोद भेजा जाता है। कर्मचारियों और अधिकारियों का कहना है कि अनुरेखा चंदेल दूसरे को नियम के तहत भेज सकती हैं तो वो नियम उनके ऊपर क्यों लागू नहीं हो रहा है।

# समिति 27 को निकालेगी कांवड़ यात्रा, पोस्टर का किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिवनाथ कांवड यात्रा समिति की बैठक हुई। जिसमें 27 जुलाई को कांवड यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यह यात्रा कुम्हारी के खारुन नदी से जल लेकर दुर्ग शिवनाथ नदी के भूतेश्वर महादेव में अर्पित की जाती है यात्रा की कुल दूरी 33 किमी की होती है, जिसमें हजारों शिवभक्त कांवड लेकर बोल बम के नारों के साथ नाचते झूमते चलते हैं। समिति के संरक्षक उपकार चंद्राकर ने समिति के अन्य सदस्यों के कार्यों का विभाजन किया। जिसमे कार्यक्रम संयोजक विपिन चंद्राकर एवं सह संयोजक तेजस पाल व आशीष शुक्ला को बनाया गया। कार्यक्रम प्रमुख के रूप में सुरेंद्र साहू, विकास अग्रवाल, आकाश ठाकुर को यात्रा प्रमुख वरुण यादव व सह प्रमुख कुलदीप शर्मा, कृष्णा साहू, अखिल वर्मा को बनाया गया। अन्य दायित्वों का भी विभाजन समिति के सदस्यों के मध्य किया गया। साथ ही कांवड यात्रा के पोस्टर का भी विमोचन समिति द्वारा किया गया। बैठक में समिति के सदस्य तुलसी ध्रुव, बालमुकुंद वर्मा, अंजय पांडेय, रुपेन्द्र यादव, अजय साहू, महेंद्र साहू, हर्षित साहू, अभिषेक शर्मा, पुष्पराज, सुदर्शन, अनिल बिनिया, दीप पटेल, संदीप पाली, आशीष वर्मा लकेश्वर कोसले, महेश तिवारी, सम्यक तिवारी, धनेश्वरी साहू, पदमिनी साहू, रीना चंद्राकर, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- 33 किलोमीटर की होती है यात्रा

## पाली में पीपीटी, नान पीपीटी एवं लेटरल एंट्री की रिक्त सीटों में होगा प्रवेश

**दुर्ग।** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थाओं के साथ साथ उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी के माध्यम से नान पीपीटी तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से सत्र 2025-26 में मेरिट के आधार पर द्वितीय चरण के ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रवेश के पश्चात रिक्त सीटों में संस्था स्तर पर प्रवेश के लिए पंजीयन 10 जुलाई से शुरु हो गई है जो 13 जुलाई के रात्रि 11.59 बजे तक होगी। इसकी प्रावीण्यता सूची 18 जुलाई को अपराह्न 4 बजे जारी की जाएगी। प्रवेश के लिए मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर प्रवेश का अवसर लेने के लिए विद्यार्थियों को संबंधित संस्था में 19 जुलाई को सुबह 10 बजे उपस्थित होना होगा।

# नालियों में गोबर बहाने पर डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, सुपरवाइजर को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- महापौर ने समस्याओं के समाधान पर दिया जोर
- गौठान संचालक पर कार्रवाई के निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 16 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की हकीकत जानी। सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक चले इस निरीक्षण में उन्होंने सिकोला भाठा, कर्मचारी नगर, जयंती नगर और साईं नगर का भ्रमण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने पाया कि गोठान संचालकों द्वारा मोहल्ले की नालियों में लगातार गोबर बहाया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी अवरुद्ध हो रही है और नागरिकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए संबंधित सुपरवाइज़र को फटकार लगाई और तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि गली-मोहल्लों की नालियों में इस प्रकार गोबर बहाना बेहद गैरजिम्मेदाराना है और इसकी पुनरावृत्ति होने पर डेयरी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोषियों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि कई नालियों की महीनों से सफाई नहीं हुई है। कर्मचारी नगर से जयंती नगर जाने वाले मार्ग की नालियों व गलियों में गंदगी की स्थिति को देख महापौर ने सफाई अमले की लापरवाही पर नाराजगी जताई। महापौर श्रीमती बाघमार ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद खिलावन मटियारा, पार्षद युवराज कुंजाम, मोहेन्द्र साहू, विनोद मांझी, प्रेरणा दुबे आदि मौजूद थे।



## मानसून सत्र के प्रथम दिन विधायक रिकेश ने विधानसभा प्रांगण में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के प्रथम दिवस वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा परिसर में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को पूरे देश में महाअभियान बनाया जा रहा है। वैशालीनगर भिलाई क्षेत्र में कई जगहों पर इस अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। अभियान में लोगो को जुड़ने के लिए हम सभी लगातार प्रेरित कर रहे हैं। हम सभी को अपने जन्मदिन सहित हर खास अवसर पर एक पौधा जरूर रोपना चाहिए, क्योंकि यह अभियान हम सभी के लिए जीवनदान है।



### शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता

**सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा द्वारा गांव के अर्जुन वर्मा के आकस्मिक निधन पर उनके परिवार को 5 हजार नगद राशि एवं 1 कट्टा चावल देकर सहयोग प्रदान की। विदित हो कि लक्ष्मी वर्मा सरपंच निर्वाचित होने के बाद से लगातार गांव के हर जरूरतमंद परिवार को मांगलिक और दुःख के कार्यों में आर्थिक सहायता एवं अन्न दान देकर उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है।



## टाउनशिप में जलभराव के लिए बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार, देवेंद्र ने अधिकारियों से की बात

### विधायक ने कार्यालय में लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- सेक्टर-5 कार्यालय में भेंट मुलाकात
- सैकड़ों लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं

विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान टाउनशिप क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर-4 सहित कई अन्य वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सामने रखा।

लगातार बारिश के कारण नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने शिकायत की कि बारिश का पानी उनके घरों और गलियों में भर रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं कई वार्डों के लोगों ने नलों में गंदा और दूषित पानी आने की समस्या भी बताई, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में नागरिकों ने बिजली, नाली निर्माण, राशन कार्ड, पेयजल व्यवस्था, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं भी रखीं।

विधायक देवेंद्र यादव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। यादव ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलभराव की विकराल स्थिति के लिए बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार है। बारिश के पूर्व नालों की समुचित सफाई नहीं की गई, जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और लोगों के घरों में पानी भर रहा है। इस संबंध में उन्होंने बीएसपी प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नालों की जल्द से जल्द सफाई कराई जाए और स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जाए।



## परसदापार में राशन उप-वितरण प्रणाली खोलने की लगाई गुहार

# मड़ियापार के ग्रामीणों को राशन के लिए जाना पड़ता है 4 किमी दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 118 आवेदन प्राप्त हुए।

- भानपुरी ग्रामवासियों ने आवासीय पट्टा प्रदान करने की लगाई गुहार

ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों ने आवासीय पट्टे की मांग की। ग्रामवासियों ने बताया कि वे पिछले 50 वर्षों से इस भूमि पर मकान बनाकर निवासरत हैं, लेकिन आज तक उनके पास मकान की वैध स्वामित्व से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इस कारण वे शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं और उन्हें अपने घरों को लेकर हमेशा एक अज्ञात भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि उनके पास राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि मौजूद हैं। इतने वर्षों पुराने निवास को वैधानिक मान्यता देते हुए आवासीय पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने कहा।



### शराब दुकान खोलने पर जताई आपत्ति

किसान बंधु संगठन धमधा द्वारा ग्राम अछोली में शराब दुकान खोलने में आपत्ति एवं निविदा निरस्त करने की मांग की। ग्राम पंचायत अछोली सहित आसपास के 15 से 20 गाँवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम धमधा और आबकारी विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

### राशन दुकान खोलने की मांग

ग्राम पंचायत मड़ियापार के सरपंच ने ग्राम पंचायत मड़ियापार के आश्रित ग्राम परसदापार में राशन उप-वितरण प्रणाली खोलने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में गांव के 243 राशनकार्डधारी नागरिकों को अपने मासिक राशन के लिए लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मडियापार की उचित मूल्य की दुकान तक जाना पड़ता है। गाँव के बुजुर्ग, महिलाएँ और असहाय परिवारों के लिए यह दूरी तय करना बेहद कठिन हो जाता है, जिससे वे समय पर और नियमित रूप से राशन प्राप्त नहीं कर पाते हैं। इस पर कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। इस दौरान नगर निगम दुर्ग, रिसाली, भिलाई, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने 31 अक्टूबर के पूर्व पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरीफ वर्ष 2025 से कृषक उन्नति योजना में धान के साथ-साथ फसल विविधिकरण प्रोत्साहन के तहत दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भता के लक्ष्य के साथ योजनान्तर्गत विहित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसलें (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल लेने वाले कृषकों को 10 हजार रू प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

- कृषकों को मिलेगा 10 हजार प्रति एकड़ आदान राशि

इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत 11 हजार रू. प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान किया जाएगा। कृषकों से कहा गया है कि योजना का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर के पूर्व संबंधित सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

## खबर संक्षेप

### चिल्हाटीकला स्कूल में न्यौता भोज कराया गया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने अपने जन्मदिन को खास बनाने के लिए शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला के सभी बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पुड़ी न्यौता भोज में खिलाया गया। प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने स्कूल परिसर में परिजात के पौधे का रोपण कर जन्म दिवस को याद गार बनाया।इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश यादव, शिक्षक नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा सहायक शिक्षिका श्रीमती रेखा देशमुख, हितेश्वरी साहू व संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीलाधर भूआर्य ने प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र को जन्म दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित किया तथा न्यौता भोज में बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पुड़ी खिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर रसोईया पत्रिका बाई, यमुना यादव, सरिता, नमिता यादव का विशेष योगदान रहा।

### आस संकलित पहचान का हुआ विमोचन

**अंडा।** शास.उ.मा.शाला अंजोरा ख के व्याख्याता शिवनारायण देवांगन आस ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्वयं द्वारा संकालित उपलब्धियों का संकलन पहचान का विमोचन शाला के प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी के कर कमलों से हुआ। शिवनारायण देवांगन ने पहचान के विषय में बताया कि इस पुस्तक में अब तक की सभी उपलब्धियों को संकलित कर तैयार किया गया है इसका संपादन डॉ.बोधी राम साहू व प्रकाशन दुर्गा देवांगन व दृष्टि देवांगन ने किया।

प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी ने विमोचन कर बधाई दिया और कहा कि शिवनारायण देवांगन मेहनती ,जुझारू, कर्मठ, समाज सेवा कार्य करते आ रहे हैं। हमें गर्व है कि हमारे शाला में कार्यरत हैं। तबियत ठीक नहीं होने के बाद भी अपनी लेखनी जारी रखा और आज पहचान का विमोचन किया। जन्मदिन के अवसर पर कलैन्डर शिकसा डायरी व पेन भेंट किया। इस अवसर पर शशिकला चन्द्राकार, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, अंजुलता त्रिपाठी, उमा राठौड़, मनोज कुमार गुप्ता, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, के कविता, सुभाषिनी ऐलन, अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे, बालेश ठाकुर, फगनी निषाद, स्वाति शर्मा, चमेली साहू ने बधाई दिया।

### आत्महत्या के लिए उकसाने के दो साल पुराने मामले में आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने उकसाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वर्ष 2024 शीतला पारा हथखोज में गणेश मूर्ति स्थापित किया गया था। जहां तेज आवाज पर साउंड बाक्स पोंगा बज रहा था। इस दौरान धन्नूलाल साहू हार्ट की परेशानी होने से साउंड बाक्स व पोंगा के आवाज को धीरे करने की बात समिति वाले को दिया। वार्ड 2 हथखोज निवासी गौरव उर्फ गोल्डी वर्मा के साथ धन्नू का विवाद हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची टीम ने दोनों पक्षों को समझाकर निकल गई।

**आयोजन : कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने आमजन की समस्याएं सुनीं, मौके पर ही राहत दिलाई**

# जनदर्शन में संवेदनशीलता और समाधान, बुजुर्ग को वितरित किया श्रवण यंत्र, दिव्यांग को व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

- विद्युत दुर्घटना में मृत भैंसों के लिए चार पशुपालकों को मिली क्षतिपूर्ति राशि

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम टेकापार से पहुँचे श्रवणबाधित बुजुर्ग बालाराम को श्रवण यंत्र और गुरूर विकासखण्ड के ग्राम औरी के दिव्यांग महेन्द्र कुमार को व्हीलचेयर प्रदान किया। जनदर्शन में आज अपने कानों में कम आवाज सुनाई देने की समस्या को लेकर जिले के ग्राम टेकापार के श्रवणबाधित बुजुर्ग बालाराम श्रवण यंत्र की मांग हेतु आवेदन लेकर पहुँचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को उन्हें तत्काल श्रवण यंत्र प्रदान करने निर्देशित किया गया।



इसी तरह जनदर्शन में आज जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम औरी निवासी दिव्यांग महेन्द्र कुमार ने कलेक्टर मिश्रा से अपनी शारीरिक परेशानियों को देखते हुए उन्हें व्हील चेयर प्रदान करने की मांग की। कलेक्टर मिश्रा ने उनके आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल व्हील चेयर प्रदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। समाज कल्याण विभाग द्वारा दोनों ही लोगों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग बालाराम को श्रवण यंत्र और दिव्यांग महेन्द्र कुमार को व्हील चेयर कलेक्टर मिश्रा की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

इस दौरान मिश्रा ने पूरी संवेदनशीलता के साथ दिव्यांग महेन्द्र कुमार से बातचीत कर उनका हालचाल पुछा। जिला प्रशासन के त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप दिव्यांग महेन्द्र कुमार एवं श्रवणबाधित बालाराम बहुत प्रसन्नचित आ रहे थे। उन्होंने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित होने वाली कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम की भूरी-भूरी सराहना करते हुए अपने जैसे अनेक लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

### जनदर्शन में दी गई तत्काल राहत

जनदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम कोरगुड़ा निवासी खिलेश्वरी ने श्रम कार्ड बनाने आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चीचा निवासी दूरपति बाई ने भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड दूरस्त करने, ग्राम अर्जुनी निवासी महेन्द्र कुमार एवं जामगांव बी निवासी राधा बाई ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम कसहीकला निवासी रमतिया राम ने आर्थिक क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम तवेरा निवासी टोमन साहू ने शौचालय निर्माण, ग्राम टेंगनाबर पारा के सरपंच ने आंगनबाड़ी हेतु नया भवन निर्माण कराने, ग्राम कसहीकला के कवल सिंह ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

इसी तरह विद्युत दुर्घटना में मृत 04 भैंसों के मालिकों को अनुग्रह राशि का चेक आज जनदर्शन में प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत पशु मालिक बृजभान साहू, बेदराम साहू, गिरेन्द्र साहू एवं देवलाल साहू को 32 हजार 800 रुपये का चेक प्रदान किया गया। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय पहुँचे थे।

## शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहीं आधी-अधूरी किताबें





**दल्लीराजहरा।** शिक्षा सत्र की शुरुआत को महीना भर बीत चुका है, लेकिन दल्लीराजहरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में अब तक पूर्ण पाठ्यपुस्तकें नहीं पहुंच पाई हैं। हालात यह हैं कि कई स्कूलों में विद्यार्थियों को आधी-अधूरी किताबें थमा दी गई हैं, जबकि अधिकांश मिडिल स्कूलों में किताबों की भारी किल्लत है। छात्र-छात्राएं जहां अधूरी किताबों के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं, वहीं शिक्षक भी मासिक परीक्षाएं आयोजित करने की स्थिति में नहीं हैं। शिक्षा विभाग की लापरवाही और असमय वितरण व्यवस्था ने विद्यार्थियों के भविष्य पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के कई शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक की आवश्यक पुस्तकें या तो अधूरी हैं या अभी तक पहुंची ही नहीं हैं। इससे शैक्षणिक सत्र की गति थम सी गई है। खासतौर पर मिडिल स्कूलों की हालत सबसे खराब बताई जा रही है, जहां गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की पुस्तकें अभी तक नहीं आई हैं। अभिभावकों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के नाम पर योजनाएं तो खूब बनाती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। यदि समय पर किताबें नहीं पहुंचीं, तो बच्चों का सत्र बर्बाद होना तय है।

## धरती आबा अभियान से आदिवासी अंचलों को मिली राहत की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासी क्षेत्रें में सेवाओं और अन्य बुनियादी ढाँचों को परिपूर्णता प्रदान करने तथा उनके व्यक्तिगत अधिकारों से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्रामों में धरती आबा ज न भा गी दा री अभियान के अंतर्गत लाभ संतृप्ति शिविर जनजातीय समाज के लोगों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा एवं राहत देने वाला साबित हुआ।

- अब गांवों में ही मिल रही सरकारी योजनाओं का लाभ, नहीं जाना पड़ रहा मुख्यालय

जिले के जनजातीय समाज के अनेक लोग जो किन्हीं कारणों से शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित शासकीय कार्यालयों एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर नही जा पाते थे। ऐसे अनेक लोगों के लिए धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर अत्यंत लाभप्रद एवं कारगर साबित हुआ है। जिले में



आयोजित शिविरों के माध्यम से बालोद जिले के आदिवासी वर्ग के अनेक हितग्राहियों को उनके गांव एवं आसपास के गांवों में ही उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उनके जरूरी समस्याओं का निराकरण भी सुनिश्चित किया गया। जिससे आदिवासी वर्ग के लोगों एवं हितग्राहियों को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों के अलावा शासकीय कार्यालयों तक आने-जाने की समस्या से भी मुक्ति मिली है।

इसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बड़भूम एवं डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम मंगलतराई में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा। जिले के दोनों ग्रामों में आज आयोजित शिविरों में आयुष्मान कार्ड, जनधन खाता, राशन कार्ड, पेंशन एवं किसान सम्मान निधि योजना की सौगात मिलने से आदिवासी वर्ग के हितग्राही बहुत ही प्रसन्नचित होकर शिविर के आयोजन की भूरी-भूरी सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा हम आदिवासियों की वास्तविक जरूरतों एवं समस्याओं को समझते हुए जो लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया है वह अत्यंत कारगर एवं काबिले-तारीफ है। गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बड़भूम में आयोजित शिविर के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बनने पर श्रीमती रीना मण्डावी, कविता सोरी, आरूषि, विरेन्द्र एवं तामेश ने कहा कि हमें आज अपने गांव में आयोजित शिविर में ही आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में हमें नया आयुष्मान कार्ड प्राप्त हो जाएगा। यह वास्तव में हमारे जैसे अनेक लोगों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। उल्लेखनीय है कि गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बड़भूम में आज आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 13 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 02 हितग्राहियों का जनधन खाता खोलने की कार्रवाई के अलावा शिविर में 13 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम मंगलतराई में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविर में 40 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड, 16 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने के अलावा 04 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, 11 हितग्राहियों को सामाजिक पेंशन से लाभान्वित करने के साथ-साथ 04 हितग्राहियों का नया राशन कार्ड बनाने की कार्रवाई की गई। आज आयोजित शिविर में पहुँचे लोगों का सिकलिन टेस्ट करने के अलावा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही सफलता की असली चाबी: पंचभूत शिक्षा गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में मंगलवार को आधारगत पंच भूत शिक्षा पर पंच भूत शिक्षा गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस गोष्ठी में मुख्य मार्गदर्शक सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू थे। इस अवसर पर व्यवस्थापक एके जैन, प्राचार्य पीएल बारले, कार्यालय प्रमुख हाथेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद्र साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार होने पर ही जीवन को सार्थकता मिलती है। जीवन आनंदमय होता है। उन्होंने कहा कि कुशल जीवन के लिए शारीरिक स्वस्थता जो आनंदमय कोष है, प्राणमय कोष के लिए योग और ध्यान, मनोमय कोष केलिए संगीत गीत का आनंद, विज्ञानमय कोष के लिए संस्—तमय धर्म ग्रंथ और आनंदमय कोष के लिए नैतिक आध्यात्मिक शिक्षा अत्यावश्यक है। सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा पद्धति बाल्यकाल से बच्चे के उम्र अनुकूल विकास के लिए सतत प्रयास करती है।शिशु वाटिका की 12 शैक्षणिक व्यवस्था के



जरिए बच्चो के कोमल मन को आनंदित करने वाली शिक्षा का बखूबी संचालन करती है प्रशिक्षण देकर दक्ष करती है।

माध्यम हिंदी लेकिन अंग्रेजी प्रभावी ज्ञान तभी तो बच्चे ऊंचे पदों पर आसीनः विभाग समन्वयक साहू ने कहा कि स्पोकन अंग्रेजी के माध्यम से बच्चो को अंग्रेजी में ट्रेंड करने का कंटिन्यू प्रयास कर रही है। तभी तो सरस्वती शिशु मंदिर के होनहार बच्चे अंग्रेजी से घबराते नहीं और डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, एमबीए, एलएलबी सहित अनेकों प्रतिस्पर्धाएँ परीक्षाओं को पास कर देश का उन्नत सेवा करते हुए अपना भविष्य संवार रहे। अंग्रेजी से ना घबराए ना बाधा समझे बस संस्कारित शिक्षा हिंदी माध्यम से ग्रहण कर माता पिता के चरणों में नतमस्तक होकर गर्व करने लायक बने।

**संस्कारित शिक्षा उज्जवल भविष्य की है मांग :** मुख्य मार्गदर्शक साहू ने कहा कि अध्यापन योजनाबद्ध तरीके से होना चाहिए और यही कला अध्ययन करने वाले बच्चों को सिखाना चाहिए है।बाल्यकाल में बच्चो में अनुशासन समाहित हो जाए ऐसा प्रयास सरस्वती शिशु मंदिर करती है। माता पिता बच्चो को होनहार बनाने गहन चिंतन करके विद्यालय का चयन करे। यह भविष्य की मांग है। खेल योग ध्यान सभी आयामों पर सजग होना चाहिए।

### सशिमं शिक्षा के साथ संस्कार को मानती है सर्वोपरि

व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर समाज के लिए समाज द्वारा समाज के हित में चलने वाली संस्था जहां शिक्षा के साथ संस्कार सर्वोपरि है, संस्कार के अभाव में घर परिवार समाज देश सभी पर कुप्रभाव पड़ता है। चाहूं ओर एक ही आवाज सुनाई पड़ने लगी है कि संस्कार का स्तर गिर रहा है लेकिन बोलने मात्र से कोई भला नहीं होने वाला है यदि भला चाहते है तो अपनाए संस्कारित शिक्षा आपका बच्चा होशियार है तो वह हिंदी माध्यम में पढ़कर भी शानदार भविष्य बना सकता है। अंग्रेजी होशियार बच्चों के लिए बाधा नहीं बनती यह विद्यालय के होनहार बच्चे प्रमाणित कर चुके है।

**ये बने सहभागी:** मार्गदर्शन गोष्ठी में धनेश्वरी साहू, दिव्या चंद्राकर, परमानंद टंडन, लिकेश्वर साहू, प्रीति साहू, सुनीता सेन, शशि यादव, कल्पना साहू, झरना साहू ने भाग लिया। संचालन प्राचार्य पीएल बारले ने किया।

## प्रमोद जैन ने सफाई कर्मचारियों को रेनकोट व छाता वितरित किया



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के द्वारा सफाई कर्मचारियों को रेंटकॉट और छाता वितरित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि हमारे सफाई कर्मचारी जो रोज पूरे नगर पंचायत की साफ सफाई करते है बिना रुके बिना थके करते है, उनके लिए बरसात के दिनों में काम करना थोड़ा मुश्किल होता है, अब रेनकोट और छाता देने से इनको बारिश में काम करने से राहत मिलेगी। इस मौके पर सीएमओ किरण पटेल, सब इंजीनियर रूपेश सिंह राठिया, लेखा अधिकारी श्रवण निर्मलकर, छम्मन साहू, सफाई दरोगा मिश्रा और सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

**देवरी बंगला चातुर्मास में महासती सूयशप्रज्ञा श्रीजी मसा का प्रवचन**

# चित्त की हिंसा भी है हिंसा : महासती सूयशप्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम देवरी बंगला के जैन भवन में चातुर्मास हेतु विराजमान महासती सूयशप्रज्ञा श्रीजी मसा ने फरमाया कि एक बार भगवान महावीर के मुख से नरक गमन की भविष्यवाणी सुनकर मगधपति बिंबसार बहुत विचलित हो उठे। सम्राट ने चिंतातुर स्वर में भगवान महावीर से नरक बंधन को टालने का उपाय पूछा।भगवान महावीर ने कहा, तुम्हारे नगर का काल टल सकता है यदि कालसौरीक कसाई एक दिन के लिए अगर अपने पांच सौ भैंसों का वध न करे तो आपके नरक का बंधन टल जाएगा।

बिंबसार ने कालसौरिक को बुलाकर उससे आग्रह किया, प्रलोभन भी दिया लेकिन वह नहीं माना। उसने वंश और परंपरा की दुहाई देकर आग्रह को मानने से इनकार कर दिया। सम्राट ने झुंझलाते हुए उसे एक दिन के लिए अंधकूप में छोड़ दिया कि अब वह कैसे करेगा वध?दूसरे दिन बिंबसार भगवान महावीर के पास पहुंचे और कहा कि कालसौरिक को वध करने से रोक दिया, लेकिन महावीर ने उनसे असहमति व्यक्त की।व अपने ज्ञान से देखकर बताया कि कालसौरीक ने अंधकूप के अंदर में कुएं की मिट्टी से भैंसे बनाए और अपने हाथ को तलवार बनाकर तबतक वध जारी रखा, जब तक कि पांच सौ की संख्या पूरी नहीं हो गई। इसे अगर अहिंसा की कसौटी पर कसें तो उसने हिंसा का आचरण नहीं किया, लेकिन भगवान महावीर कहते हैं कि उसने हिंसा की घटना के स्तर पर चाहे उसने किसी का वध न किया हो, किंतु चित्त की भूमिका से व भाव से वह वध कर चुका है। यदि भावों से भी हम हिंसा कर रहे हैं तो वह हिंसा ही है व भावों से किए गए परिणाम भी दुख के रूप में ही आते हैं व उन भावों से किए गए कर्मो का फल भोगना ही पड़ता है। सेवाभावी महासती दीक्षिताश्रीजी मसा ने अपने प्रवचन के माध्यम से सामायिक की आराधना के महत्व व सामायिक सूत्र के अर्थ को बताते हुए श्रावक श्राविकाओं को नियमित सामायिक की आराधना करने की प्रेरणा दी गई।पर्यायज्येष्ठा महासती विवेकशिला श्रीजी मसा ने सुंदर भजन की प्रस्तुति दी।संघ के प्रदीप बाफना ने बताया कि महासती वृन्द के सानिध्य में प्रतिदिन प्रातः सवा छः बजे से प्रार्थना आठ बजे से प्रवचन व दोपहर दो बजे से धार्मिक क्लास का समय निर्धारित किया गया है।

### मनुष्यता को स्वभाव बनाने का संकेत देते हैं महावीर

भगवान महावीर मनुष्यता को स्वभाव बनाने का संकेत देते हैं। वे तो यहां तक कहते हैं कि 'जिसे तू मारना चाहता है, वह तू ही है। जिसे तू संताप-परिताप देना चाहता है, वह तू ही है। जिसके तू प्राण लेना चाहता है वह तू ही है।' जिस दिन इसे हमने समझ लिया, गलत काम करने से बच जाएंगे अन्यथा कु-प्रवृत्ति के शिकार हो जाएंगे।मनुष्य पुण्य का फल तो चाहता है पर पुण्य करना नही चाहता हम चिंतन करें कि हमने कितना पुण्य किया व कितना हम व्यर्थ के कार्यो में समय को खराब कर दिया है। भगवान ने समय मात्र का भी प्रमाद नही करने कहा है।बड़ी ही पुन्यवानी से क्षेत्र में चातुर्मास का अवसर प्राप्त हुआ है इसका अधिक से अधिक लाभ ले।तप त्याग संवर साधना आराधना के माध्यम से चातुर्मास काल का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करें।

### चित्त में हिंसा है तो हम हैं हिंसक : महासती

महासती जी ने आगे कहा कि यदि चित्त में हिंसा है तो बाहर अहिंसक होते हुए भी हम हिंसक हैं। इसे आज हो रही घटनाओं और विवादों-बहसों के संदर्भ में देखें तो स्पष्ट हो जाएगा। आदमी पहले मन के स्तर पर किसी से नफरत करता है, फिर उसे घेर कर गिराने की साजिश रचता है। जब उससे भी बात नहीं बनती है तो आक्रामक रुख अपना लेता है। यही वजह है कि आज आदमी एक-दूसरे को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। यही वह वृत्ति है जो समाज का न केवल माहौल खराब कर रही है बल्कि उसे बांट भी रही है। हमें यह समझना होगा कि वैचारिक आक्रामकता हो या शारीरिक, पहले वह खुद को चपेट में लेती है फिर दूसरों को निशाना बनाती है। हम यह सोचकर खुश होते हैं कि उसे मजा चखा दिया, लेकिन यह भूल जाते हैं कि इसमें हमारा कितना नुकसान हुआ। हमने अपना विवेक और धैर्य खोया, मन की शांति और चेतना खोई, संबंध और विश्वास खोया। सबसे बड़ी बात यह कि हमने मनुष्यता खोई।

## पेज 11 के शेष

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर ...

महीने में ही दोगुने से अधिक शराबी वाहन तौलकों पर कार्यवाही की जा चुकी है। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जा रही है। यातायात पुलिस बालोद के द्वारा लगातार वाहन चालकों से अपील किया जा रहा है कि शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले, हमेशा यातायात नियमों का पालन करे, आम जनों एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। वही यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील की है कि मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे यातायात नियमों का पालन करें, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करें, शराब सेवन कर वाहन न चलाए, वाहन बलाते समय मोबाइल का उपयोग न करे, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देते, संयमित गति से वाहन चलाए एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगाए व वाहन बलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

### खरीफ सीजन में ...

6336 मे.टन उर्वरक भण्डारण कराया जाकर अद्यतन 31377 मे.टन उर्वरकों का वितरण कृषकों को किया जा चुका है, जो भण्डारण के विरूद्ध 87 प्रतिशत है। खरीफ मौसम में कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध हो सके, इसलिए जिले को गुणवत्ता परीक्षण हेतु बीज का 270 उर्वरक 191 पौध संरक्षण 42 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके विरुद्ध बीज के 278 उर्वरक 127, पौध संरक्षण 07 नमूना लेकर गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। जिसका परीक्षण परिणाम बीज 101, उर्वरक 21 नमूना मानक स्तर का पाया गया है। बीज के 24 नमूना अमानक पाया गया, जिसके विरूद्ध विक्रय प्रतिबंध किया गया है। बीज के 153, उर्वरक 106 नमूना का परिणाम आना शेष है।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक जगह पर शराब सेवन, मामला दर्ज

**बालोद।** सार्वजनिक जगह पर शराब सेवन कर रहे एक युवक पर बालोद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे हिरासत मे लिया है जिसके बाद उक्त युवक को जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रेवतीनवागांव निवासी उक्त युवक शहर के तांदुला नदी तट पर स्थित रामघाट मंदिर के रास्ते मे शराब सेवन कर रहा था जिसकी जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंचा और उक्त व्यक्ति को पुल के नीचे शराब सेवन करते पकड़ा गया। जिसको जिला अस्पताल मे मुलायजा कराने के बाद युवक के खिलाफ धारा 36 (स) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जिसके बाद युवक को जमानत मुचलका पर रिहा कर दिया गया।

### आरक्षक लाइन अटैच

**भिलाई।** काम के प्रति लापरवाही बरतने वाले नंदिनी थाने में पदस्थ आरक्षक को एसएसपी ने लाइन अटैच की कार्रवाई की है।ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि आरक्षक माणिक चंद धनुषकर को काम में लापरवाही करने के कारण लाइन अटैच की कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरक्षक द्वारा शराब तस्करों से सांठगांठ करने को लेकर पुलिस अफसरों को जानकारी हुई। उसके बाद एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाइन हाजिर कर दिया।आरक्षक की लगातार शिकायतें मिल रही थी।

### युवती से छेड़खानी करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** युवती के साथ छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी युवती अपनी भाभी के साथ पैदल जा रही थी। तभी जुनैद शेख नामक युवक बाइक में पहुंचकर युवती को पहले चाकू दिखाया। उसके बाद युवती ने मोबाइल निकालकर वीडियों बनान शुरु किया तो चाकू अंदर रख लिया। जुनैद 2024 से युवती को इंस्टाग्राम में भी मैसेज किया करता था। लोक लाज की डर से युवती शिकायत नहीं कर रही थी। परेशान होकर घटना की शिकायत अपने भाई को बताने के बाद माहौल गर्म हो गया। बजरंग दल के भी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोपी जुनैद शेख को गिरफ्तार करने का दबाव बनाया गया।

### एसीसी कॉलोनी में 7 मकान का ताला टूटा तस्वीर कैमरे में कैद

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत एसीसी कॉलोनी में एक दिन में 7 घरों के ताले टूटे। एक साथ सात मकानों को आरोपियों ने निशाना बनाया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खबर लगते ही पुलिस डॉगस्कॉड के साथ मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस को चोरी का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों को तलाश रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि एसीसी फैक्ट्री द्वारा बनाई गई कॉलोनी के 7 मकानों में सी 13 तपन कर्माकर, सी 9 सूर्याकांत, डी 47 विश्वास सोनी, एसएस क्यू 27 मुकेश चंद्रा , डी 43अविनाश, डी 7 कमलेश किचरे और सी 4 का ताला तोड़ा गया है। इसमें एक मकान से नगदी 20 हजार, सोना चांदी के जेवरात गायब है।

**आयोजन**

**स्वरोजगार, धर्मांतरण रोकथाम और पारिवारिक मूल्यों को लेकर बनी रणनीति**

# रजक महासंघ की कार्यकारिणी बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ कार्यकारणी बैठक में भविष्य की कार्य योजना के बारे में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमे समाज हित में भविष्य की कार्य योजना के अतंर्गत समाज के परिवार को सुखी और स्वस्थ कैसे बनाएं, समाज के युवा महिलाओं का सशक्तिकरण स्वरोजगार, समाज में धर्मांतरण, लव जिहाद रोकने जिला, राज परिक्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाकर समाज के बेटा बेटी को जागरूक करने के निर्णय लिए गए। जिसमे जिले के पदाधिकारियो के साथ सदस्य सम्मिलित हुए।

प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर ने कहा कि जिलों का दौरा कर राष्ट्रीय रजक महासंघ बैनर जोडने प्रयास करेंगे। समाज हित में भविष्य की कार्य योजना युवा, महिलाओं सशक्तिकरण स्वरोजगार, समाज में धर्मांतरण, लव जिहाद रोकने सभी जिलों, राज परिक्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाकर समाज के बेटा बेटी को जागरूक करेंगे। राष्ट्रीय रजक महासंघ संरक्षक तुलसी कौशिक ने कहा मैं प्रदेश के बहुत से जिलों में सामाजिक कार्यक्रम में गया, हमारा समाज सभी दृष्टि से बहुत पीछे है, इसका मुख्य वजह समाज को सही नेतृत्वकर्ता नहीं मिलना, अलग अलग संगठन के बैनर तले होना है। मैं भी सभी प्रदेश प्रमुख को एक साथ जोड़ने प्रयास किया। कोई सफलता नहीं मिला। वर्तमान में समाज के लिए अच्छा काम राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर कर रहे हैं। आगामी कार्ययोजना बनाए, सरकार से सभी तरह सहयोग लेने प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने कहा समाज विकास तभी संभव है जब युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए, सरकार की विभिन्न योजना चल रही, आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेंगे, तभी समाज सुधार होगा। वर्तमान में धर्मांतरण और लव जिहाद बड़ रहा, इसको रोकने के लिए समाज में जागरुकता फैलाने की आवश्यकता है। जिला संघ चालक रामधन रजक ने कहा सुखी और स्वास्थ, परिवार एवं शांति और समृद्धि को देखे तो समाज में परिवारिक व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन आ गया है। हिन्दू परिवारों के सामने कई चुनौतियां है, हम इन चुनौतियों का सामना कैसे करे, परिवार को सुखी और स्वस्थ कैसे बनाए, हमारे परिवार के लोग आपस में हफ्ते में कम से कम एक दिन एक घंटा एक साथ बैठे, साथ में भोजन करे, इस दौरान टीवी, मोबाइल बंद रखे, परिवार चर्चा करे, इसे अपने घर से लागू करे, अपनी संस्कृति परंपरा और इतिहास पर बात करे, नवयुवक बच्चों के हाथ में मोबाइल है, वह क्या देख रहे है, उस पर नियंत्रण रखे। स्वय परिवार से अपने जीवन में पालन करें।

### संघठन विस्तार की योजना

प्रदेश महासचिव सुरेश निर्मलकर बालोद निवासी ने आगामी कार्य योजना पर विस्तार से बात रखी, जैसे संगठन विस्तार युवा, महिला, संस्कृत, विधि प्रकोष्ठ सभी जिला से प्रत्येक के लिए दो दो सदस्य देंगे, रजक धोबी समाज के सभी फिरका में एकता बनाए रखने रोटी बेटी का सांक्ष्य स्थापित करने स्वतंत्र है, इससे धर्मांतरण पर अंकुश लगेगा, यह निर्णय सर्व सहमति से पारित किया गया।

**प्रत्यक्ष चुनाव और सामाजिक अनुशासन:** राष्ट्रीय रजक महासंघ छत्तीसगढ़ प्रत्यक्ष चुनाव हो, नियमावली प्रकाशन, सदस्यता अभियान किया जाएगा। समाज के निर्वाचित जन प्रतिनिधि, सम्मान समारोह आयोजित करने सर्व सहमति दी गई। समाज के सहकारी संस्था का गठन किया जाएगा। अंतरजातीय विवाह करने वाले समाज के व्यक्तियों को सामाजिक मच में स्थान नहीं देना है ये निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया।

# रसोई गैस की सुरक्षा और बचत पर सिवनी में जागरुकता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत सिवनी में रसोई गैस की सुरक्षा और बचत पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ को रसोई गैस मे खाना बनाने के समय बरती जाने वाली सावधानियो के बारे मे जागरूक किया गया।

इसमें गांव की महिलाओं को गैस के सुरक्षित और किफायती उपयोग की जानकारी दी गई। संगोष्ठी में गैस और चूल्हे के सुरक्षित उपयोग और रखरखाव का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। महिलाओं से सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे। गैस जलाने के उपकरणों और एप्रन के सही उपयोग के फायदे भी बताए गए। कार्यक्रम में कुमारी बाई, जमुना बाई, खिलेईश्वरी, कुलेईश्वरी, मोनिका साहू, ज्योति बाई, सीमा साहू, नेहा साहू, अनीता बाई, राधा बाई, त्रिवेणी बाई, सुशीला बाई, ईश्वरी बाई, मीना बाई, रेखा बाई, चमेली बाई, फुलेश्वरी बाई, पीला बाई, रमभा बाई, जया बाई, कौशल्या बाई, माधुरी, प्रीति बाई, मालती बाई उपस्थित थी।

# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों का राजधानी में प्रदर्शन



हरिभूभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दर पर वेतन एवं युक्तियुक्तकरण को यथावत रखा जाए जैसी अपनी मुख्य मांग के संबंध में ज्ञापन सौपने बालोद जिला के 1350 स्कूल सफाई कर्मचारी 16 जुलाई को रायपुर जाएंगे।

संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि स्कूल सफाई कर्मचारी सुबह जाकर काम करते हैं। दोपहर में मध्यान भोजन के समय भी कार्य करते हैं, साला समिति की बैठक में भी चाय पानी देते हैं। रजिस्टर में हस्ताक्षर कराने घर घर पहुंचते हैं, राशन लाते हैं, शाम छुट्टी के पश्चात ताला बंद करने के बाद ही घर जाना पड़ता है इस तरह स्कूल का पूरा कार्य और समय स्कूल में ही चले जाता है, इसके बदले उन्हें मात्र 3400 मिलता है जिससे इस महंगाई के समय मे परिवार का भरण पोषण नहीं हो पाता। संघ के पदाधिकारियो ने बताया कि प्रदेश में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों की संख्या 43301 कर्मचारी है और वे विगत 15 सालो से कार्य करते आ रहे हैं इस संबंध में संघ द्वारा कई बार हड़ताल किया जा चुका है तथा चुनाव के पहले बीजेपी सरकार ने 100 दिन में 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी, मगर सरकार बन जाने के बाद भी आज तक कुछ नहीं हुआ। वही कई विद्यालय में चपरासी ना होने की वजह से अंशकालीन सफाई कर्मचारी पूरा कार्य करते हैं। जिलाध्यक्ष छन्नू साहू ने बताया कि बालोद जिला के समस्त सफाई कर्मचारी पहले टाटीबंध पहुंचेंगे, टाटीबंध के रास्ते होते हैं भानपुरी, शंकर नगर, सिविल लाइन मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के पश्चात तूता मैदान जाएंगे।

# गुरु पूर्णिमा पर बाबा दरबार में श्रद्धा और संगीत का संगम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम, धनोरा में रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दरबार में स्वर्गीय परमानंद कठोलिया की पुण्यतिथि पर एक भव्य श्रद्धांजलि सभा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे स्व. कठोलिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। शाम 4 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 5,000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम 7 बजे पुरन साहू व राजेश सिन्हा द्वारा माता रानी की आरती प्रस्तुत की गई। इस मौके पर आसपास के गांवों और दूर-दराज से भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचे। इस आयोजन को सफल बनाने में लक्ष्मण बाबा, दिनेश साहू, चन्द्रकांत देवांगन, एम. लाल देवांगन, मारियल साहू, कुंभकरण पटेल, तोमन गजपाल, रामु यादव, बबीता साहू, कौशल्या सेन, पिंकी साहू, पूजा, डिपल, वेदु, सुरुची, नेहा, और उपसरपंच मुंगा स्प्रे सहित सैकड़ों श्रद्धालु जुटे रहे। कार्यक्रम की जानकारी दरबार प्रतिनिधि चन्द्रकांत कोसरे और योगेश साहू ने दी।

**इन्होंने दी प्रस्तुतिः** कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंच पर मंगल वर्मा, पुरन साहू, अशोक साहू, चेतन बघधरा, भवानी नायक, हर्ष कुमार बिंदु, राजेश सिन्हा, दुष्यंत हरमुख, महादेव हिरवानी, गोविंद साव, गुड्डू देवदास, अजीत सिन्हा, टोमन वर्मा, कविता वासनिक, गौरीशंकर कश्यप, नीतु भट्ट, हेमलता पटेल सहित दर्जनों कलाकारों ने जस गीतों, भजनों व लोक संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर दरबार प्रमुख श्री लक्ष्मण बाबा, मंगल वर्मा 'जस सम्राट', अगराहित निषाद, जुगल किशोर कठोलिया, विनोद साहू, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, गुलाब साहू, गज्जू रायपुरीहा, नंद पंडा, बबलू साहू समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

### स्व. परमानंद कठोलिया को भावभीनी श्रद्धांजलि

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बाबा दरबार धनोरा में स्व. परमानंद कठोलिया की पुण्यतिथि पर विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके योगदान को याद करते हुए दरबार में दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण किया गया। श्रद्धालुओं ने उन्हें याद कर भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की।

**लोक संस्कृति का जीवंत मंच बना बाबा दरबार :** इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक गायन शैली की अद्भुत झलक देखने को मिली। जस गीत, भजन, भरथरी और देवी गीतों से सजी यह संध्या दर्शकों के लिए अविस्मरणीय रही। न केवल वरिष्ठ कलाकार, बल्कि नवोदित लोक गायक-गायिकाओं ने भी अपनी कला से श्रोताओं का दिल जीत लिया।

**जर्जर सड़कों ने रोका जनजीवन, जल्द शुरू होगा निर्माण**

# सड़क मरम्मत की मांग पर कलेक्टर ने दिया जल्द निर्माण का आश्वासन



हरिभूमि न्यूजः कुसुमकसा

आदिवासी ब्लॉक डौण्डी के ग्राम पंचायत धोबेदण्ड के आश्रित ग्राम कुंजामटोला की मुख्य सड़क जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। यहां से होकर गुजरने वाली सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि बरसात में कीचड़ और गड्ढों के कारण राह चलना मुश्किल हो गया है। खासतौर पर स्कूली बच्चों और आम ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माइनिंग क्षेत्र से सटे होने के कारण गांव के लोग लाल पानी और अन्य प्रदूषणजनित समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। ग्रामीणों की इसी गंभीर समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कुंजामटोला की सड़क मरम्मत की मांग करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही। कलेक्टर ने जल्द कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर सड़क की मरम्मत की गुहार लगाई थी। जनदर्शन में भी जर्जर सड़क की स्थिति को गंभीर मानते हुए इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

### साल भर से तैयार पड़ा है स्टीमेट

कुंजामटोला की जर्जर सड़क के लिए डौण्डी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा 11.57 लाख रुपये का स्टीमेट तैयार किया गया है। यह स्टीमेट लगभग एक वर्ष से तैयार है और शासन से राशि स्वीकृत होने का इंतजार किया जा रहा है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

### लाल पानी और प्रदूषण की दोहरी मार

माइनिंग क्षेत्र से सटे कुंजामटोला गांव में लाल पानी और वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। ग्रामीणों को पीने के साफ पानी की भी समस्या है और सांस संबंधी बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। इसके बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है।

# राज्य कर्मचारी संघ की बैठक में नए पदाधिकारियों का किया मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ की बैठक संस्कार शाला बालोद में संपन्न हुई। जिसमें जिला और विकासखंड स्तर के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र देशलहरे, जिला सचिव गजेंद्रपुरी गोस्वामी और जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू उपस्थित थे। प्रांतीय महामंत्री अश्वनी चेलक के मार्गदर्शन में यह मनोनयन किया गया।

जिसमे जिला उपाध्यक्ष पद पर लोमन राणा, गेंदलाल साहू, ओमप्रकाश देवांगन, चंद्रप्रकाश साहू और तुलसी डोंगरे को जिम्मेदारी दी गई। विकास शर्मा को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। जयकांत पटेल और मनोरमा कुंभज को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया। अमित श्रीवास्तव और रीमा सोरी को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। भेद कोसले को सहसचिव बनाया गया। संगठन सलाहकार के रूप में चेतन यादव, अजय शर्मा, दिनेश मालेकर, घनाराम देशमुख और चंद्र कुमार देशमुख को जिम्मेदारी दी गई। जिला कार्यकारिणी में मनीष यादव, राजेश साहू, नरेंद्र जांगड़े, सुरेश देशमुख और पंकज सोनी को शामिल किया गया। पांचों विकासखंडों में भी पदाधिकारी नियुक्त किए गए। बालोद विकासखंड मे ब्लॉक अध्यक्ष चमन कलिहारी, सचिव नेम सिंह साहू, सहसचिव विष्णुराम ठाकुर और कोषाध्यक्ष मुरारी सोनवानी को बनाया गया। गुरूर विकासखंड से अध्यक्ष नरेंद्र साहू, सचिव स्वदेश तिवारी और सहसचिव योगेश ठाकुर को बनाया गया है।

### चाकू लगने से युवक की मौत, गिरफ्तार

**भिलाई।** कट मारने को लेकर हुए विवाद में उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना में पुलिस ने नाबालिग को पकड़ लिया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि अटल आवास बोरसी निवासी मनोज महतो माली का काम करता है। बाइक से नाबालिग कट मार दिया जिससे मनोज सड़क पर गिरने वाला था। इसे लेकर मनोज ने नाबालिग को समझाने का प्रयास किया। नाबालिग ने मनोज महतो के साथ मारपीट कर चाकू से वार कर फरार हो गया। गंभीर अवस्था में मनोज को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मनोज ने दम तोड़ दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**पानी जाम की समस्या को लेकर शहर के नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कलेक्टर से मुलाकात**

# नगर पालिका अध्यक्ष की पहल पर जल्द शुरू होंगे बस स्टैंड जलभराव निवारण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कुछ दिन पहले चैंबर ऑफ कामर्स के साथ मिलकर शहर के प्रमुख समस्याओ मे से एक शहर के नए बस स्टैण्ड मे पानी जाम की समस्या को लेकर शहर के नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कलेक्टर से मुलाकात की थी तथा इसके संबंध मे चर्चा किया था जिसके बाद एक बार फिर सक्रियता उन्होने दिखाते हुए जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियो के साथ इस संबंध मे कलेक्टर से मुलाकात की है।

जिसके तहत नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने नेशनल हाइवे विभाग के एसडीओ, इंजीनियर तथा नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपयंत्री के साथ कलेक्टर से मुलाकात की। उनके द्वारा विगत दिनों कलेक्टर को बस स्टैंड बालोद के जल भराव और उससे उत्पन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया था, जिसका निराकरण करते हुए कलेक्टर द्वारा आगामी दो–तीन दिनों में इस समस्या के निदान हेतु आवश्यक कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर चौंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला, श्रवण टावरी, ताराचंद सांखला तथा अन्य व्यापारीगण उपस्थित थे। वही कलेक्टर से मिलने के बाद बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने बालोद शहर के वार्ड क्रमांक 06, 12, 13 और 17 में वार्ड वासियों की मांग पर तथा वार्ड पार्षदों के निवेदन पर वार्ड के विकास एवं लोगों की समस्या का समाधान करने हेतु सीसी रोड के लिए भूमि पूजन किया।

इस मौके पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, भाजपा शहर मंडल के अध्यक्ष अमित चोपडा, पार्षदगण में राजू भाई पटेल, प्रीतम यादव, दीपक कुमार जैन, गिरजेश गुप्ता, गोकुल ठाकुर, पुष्पा साहू, गोमती रात्रे, श्यामा यादव, सुनीता मनहर, आशा पटेल, कांति साहू, सुमित शर्मा, ताराचंद सांखला, पंकज आहुजा, अमित दुबे, विल्ला मनहर राकेश चौरडिया एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

